## न्यूज डायरी



### कैसे एटीएम से पैसे चुराते युवक ने जीभ निकालकर कैमरे को चिढ़ाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फैसलाबाद। आपने एटीएम में चोरी की घटनाएं सुनी होंगी। चोरी की सीसीटीवी फुटेज भी देखी होंगी, लेकिन ऐसा शायद ही कभी देखा हो। पाकिस्तान के फैसलाबाद में करीब एक महीने पहले की एटीएम में चोरी की फुटेज वायरल हो रही है। शहर के कचहरी बाजार इलाके में लगे एटीएम में एक युवक पैसे निकालने आता है, लेकिन उसका कार्ड ही अंदर फंस जाता है। कुछ देर इंतजार करने के बाद वह हेल्प के लिए बाहर जाता है। इसी दौरान एक चोर अंदर आता है और मशीन का टॉप शेल्फ निकाल लेता है और उसमें फंसे कार्ड को चुरा लेता है। इसके बाद वह 64,000 रुपये निकाल लेता है। यही नहीं चोरी की इस पूरी घटना को अंजाम देते हुए वह शख्स सीसीटीवी कैमरे की ओर भी देखता है और जीभ निकालकर कैमरे को चिढ़ाने जैसी हरकत करता है। यूट्यूब पर भी इसका विडियो मौजूद है।

### अमेरिका ने अंतरिक्ष कमान की स्थापना की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। अमेरिका ने 'भविष्य के युद्ध क्षेत्र' अंतरिक्ष में अपने हितों की रक्षा करने के लिए अंतरिक्ष कमान की स्थापना की है। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने गुरुवार को आधिकारिक रूप से इस कमान को लॉन्च किया। जनरल जॉन डब्ल्यू रेमंड को नवगठित अमेरिकी अंतरिक्ष कमान का कमांडर नियुक्त किया गया है। इस कमान की स्थापना अमेरिकी सेना की 11वीं एकीकृत लड़ाकू कमान के तौर पर की गई है। वाइट हाउस के रोज गार्डन में आयोजित औपचारिक समारोह में ट्रंप ने कहा, 'यह बड़ी पहल है। नवगठित लड़ाकू कमान 'स्पेसकॉम' अंतरिक्ष में अमेरिकी हितों की रक्षा करेगी... जो अगला युद्ध क्षेत्र होगा।' इस समारोह में अन्य गणमान्य लोगों के साथ अमेरिका के उपराष्ट्रपति माइक पेंस और रक्षामंत्री मार्क एस्पर भी मौजूद थे। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि रूस और चीन अंतरिक्ष में अमेरिका के लिए संभावित खतरा पैदा कर सकते हैं।

### हथियारों का आधुनिकीकरण करना नहीं बंद करेंगे: उत्तर कोरिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** संयुक्त राष्ट्र। उत्तर कोरिया ने ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी पर आरोप लगाया है कि वे ''आत्मरक्षा के लिए हथियारों के आधुनिकीकरण के उसके कदमों में'' हस्तक्षेप कर रहे हैं। उत्तर कोरिया ने कहा कि ऐसा सोचने से बड़ी और कोई गलती नहीं होगी कि प्योंगयांग हथियार रखने के अपने अधिकारों को छोड़ देगा। प्योंगयांग का कहना है कि शांति सुनिश्चित करने के लिए हथियार जरूरी है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने किम सोन ग्योंग की ओर से एक बयान जारी किया है। ग्योंग कोरिया-यूरोप एसोसिएशन के सलाहकार हैं। दरअसल अमेरिका के इन तीन महत्वपूर्ण सहयोगियों ने मंगलवार को प्योंगयांग द्वारा ''उकसावे के लिए बैलिस्टिक मिसाइलों के लगातार परीक्षण'' की निंदा की थी। इन यूरोपीय देशों का आरोप है कि उत्तर कोरिया संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों का उल्लंघन कर रहा है। वहीं इन्होंने उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन से अमेरिका के साथ निरस्त्रीकरण को लेकर हुई बातचीत में प्रगति लाने को कहा।

### करतारपुर कॉरिडोर पर बात करेंगे भारत-पाकिस्तान के अधिकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। कश्मीर मसले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बावजूद दोनों देशों के अधिकारी शुक्रवार को मिलकर करतारपुर कॉरिडोर प्रॉजेक्ट पर बातचीत करेंगे। पाकिस्तान विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैजल ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच शुक्रवार को बॉर्डर स्थित जीरो पॉइंट पर तकनीकी बैठक होगी। फैजल ने गुरुवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा, पाकिस्तान के प्रस्ताव से भारत सहमत है और करतारपुर साहिब गलियारे को लेकर तकनीकी बैठक 30 अगस्त को जीरो पॉइंट पर होने जा रही है।

# मोदी का नाम लेते ही पाक के मंत्री को लगा करंट!

**झटका**

## करंट लगने से डरे रशीद ने कहा कि नरेंद्र मोदी उनके जलसे को नाकाम नहीं कर सकते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के समय की घोषणा करने वाले पाकिस्तान के बड़बोले रेल मंत्री शेख रशीद बिजली के जोरदार झटके का शिकार हो गए। करंट लगने से पहले रशीद पीएम मोदी की आलोचना कर रहे थे। बिजली झटका लगते ही शेख रशीद डर गए और अपना भाषण रोक दिया। बाद में उन्होंने स्थिति को संभालते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी उनके जलसे को नाकाम नहीं कर सकते हैं।

रशीद ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने कश्मीर में अपनी सबसे बड़ी गलती की। भारत ने दो बड़ी गलती की है। पहला 5 परमाणु धमाके किए और हमने उसके जवाब में 6 धमाके कर दिए। कश्मीर में भारत ने दूसरी सबसे बड़ी गलती की है। रशीद भाषण दे रहे थे कि उसी समय उनको करंट लग गया। करंट लगने से डर गए लेकिन बाद में किसी तरह खुद को संभाला। उन्होंने कहा, बहुत तगड़ा करंट लगा।

इससे पहले उन्होंने एक निजी चैनल से बातचीत में कहा कि भारत को 22 टुकड़ों में बांटने से उसके आधिपत्य का अंत होगा। बता दें कि बार-बार परमाणु युद्ध की गीदड़भभकी देने वाले पाकिस्तान के रेल मंत्री शेख रशीद ने पिछले दिनों युद्ध के समय की भी घोषणा कर दी थी। खास बात यह है कि यह वही रशीद हैं जो पाकिस्तान द्वारा किए जाने वाले परमाणु परीक्षण से पहले केवल इसलिए भाग गए थे क्योंकि उन्हें डर था कि कहीं परीक्षण के दौरान कोई गड़बड़ी न हो जाए।

**पाक के परमाणु परीक्षण के दौरान देश छोड़ भाग गए थे:** मजे की बात यह है कि जब पाकिस्तान ने 1998 में परमाणु परीक्षण किया था तो ये जनाब देश छोड़कर भाग गए थे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक क्लिप में रशीद ने एक चौनल पर दिए इंटरव्यू में इसे स्वीकार किया था। उन्होंने कहा था, जब एटॉमिक ब्लास्ट हुआ था तब मैंने कहा था कि जब ये फैसला हो रहा था, तब जो 4-5 लोग फैसला कर रहे थे, वे सब बड़े लोग थे। मेरा कोई पॉलिटिकल बैकग्राउंड नहीं था। मैं खौफ में था। मुझे पता था कि ये कब और कहां होना है। मैं सुबह की फ्लाइट पकड़कर निकल गया। मैं इतना खौफजदा था। मुझे लगा कि कहीं कोई मसला हो जाए, कहीं से लीकेज हो जाए, पटाखा इधर-उधर हो जाए। मैं पाकिस्तान से चला गया।



### अक्टूबर-दिसंबर में भारत, पाक में होगी जंग

पाकिस्तान के एक निजी चौनल के अनुसार रेलवे मंत्री रशीद ने कहा, ३अक्टूबर के आखिर और नवंबर-दिसंबर में पाकिस्तान और भारत में युद्ध होगा। उन्होंने कहा कि वह इसके लिए अपने देश को तैयार कर रहे हैं। परमाणु हथियारों का बिना नाम लिए रशीद ने कहा, हमने ये हथियार कोई दिवाली पर चलाने के लिए नहीं रखे हैं। अगर पाकिस्तान की जिंदगी और मौत का वक्त आ गया तो वह भारत पर हमला कर देगा।

## जम्मू-कश्मीर पर इमरान खान ने फिर चला इस्लामिक कार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाए जाने पर बौखलाया पाकिस्तान अब संयुक्त राष्ट्र पर अपनी खीज उतार रहा है।

पाक पीएम इमरान खान ने कश्मीर मसले पर शुक्रवार को देश को संबोधित करते हुए कहा कि मुसलमानों पर जब भी अत्याचार होता है तो संयुक्त राष्ट्र शांत रहता है। वैश्विक समुदाय पर अपनी खीज उतारते हुए इमरान ने कहा, यदि कश्मीर में मुसलमान न होते तो पूरी दुनिया में शोर मच जाता। जिसे हम इंटरनैशनल कम्युनिटी कहते हैं, जिसे संयुक्त राष्ट्र कहते हैं, वे मुसलमानों पर अत्याचार की बात पर शांत रहते हैं।

### मुसलमान पर अत्याचार को लेकर चुप है संयुक्त राष्ट्र

यही नहीं एक वक्त में बालाकोट में भारतीय सेना की किसी भी कार्रवाई से इनकार करने वाले इमरान ने कहा कि भारत अब बालाकोट की तरह ही पीओके में भी कुछ कर सकता है।

कश्मीर पर बौखलाए पाकिस्तानी पीएम ने आरएसएस पर बिफरते हुए कहा कि हमें उसकी विचारधारा को समझना होगा। यह नफरत में पैदा हुई जमात है, जो हिंदुओं को ही श्रेष्ठ समझते हैं। इमरान ने कहा कि आरएसएस मुस्लिमों को सेकंड क्लास सिटिजन बनाकर रखना चाहता है।



जोशुआ वॉन्ग।

### हॉन्ग कॉन्ग में अब प्रदर्शनकारियों को कुचलने में जुटा चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हॉन्ग कॉन्ग। चीन ने हॉन्ग कॉन्ग में अपने खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों को कुचलने की कोशिश करते हुए लोकतंत्र समर्थक ऐक्टिविस्ट जोशुआ वॉन्ग को अरेस्ट कर लिया है। 1996 में जन्मे महज 22 साल के युवा जोशुआ वॉन्ग हॉन्ग कॉन्ग में लोकतंत्र समर्थकों के लिए पोस्टर बॉय बनकर उभरे हैं। इसी के चलतेशुक्रवार को जोशुआ समेत 3 ऐक्टिविस्ट्स को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह कार्रवाई वीकेंड पर आंदोलनकारियों की ओर से प्रदर्शन को तेज करने की आशंका के चलते की गई है।

# पाकिस्तान में सिख समुदाय की हो रही टारगेट किलिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में सिख समुदाय कट्टरपंथियों के निशाने पर है। पाक सिख काउंसिल के एक सदस्य ने इमरान सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि ऊपर से भले ही कुछ बताया जाता हो पर सच्चाई यह है कि पाक में सिख समुदाय सुरक्षित नहीं है। आपको बता दें कि हाल में पाकिस्तान की एक सिख युवती का जबरन धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराए जाने के मामले ने एक बार फिर पूरी दुनिया का ध्यान इस ओर खींचा है।

पड़ोसी मुल्क से अक्सर ऐसी खबरें आती हैं जब किसी हिंदू या सिख लड़कियों के साथ ऐसी शर्मनाक हरकत की जाती है। कुछ दिन तक मामला चर्चा में रहता है और बाद में वहां की पुलिस और प्रशासन लोगों का मुंह बंद करा देता है।

### ■पाक के सिख लीडर ने कहा, समुदाय के लोग सुरक्षित नहीं

जबरन धर्मांतरण की यह खबर ऐसे समय में आई है जब इमरान खान सरकार करतारपुर कॉरिडोर के फैसले को लेकर अपनी पीठ थपथपा रही है और खुद को सिखों का हितैषी साबित करने की कोशिश कर रही है।

पाक सिख काउंसिल के प्रतिनिधि सरदार मस्तान सिंह ने पाकिस्तान सरकार की पोल खोलकर रख दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान में जानबूझकर सिख लड़कियों को निशाना बनाया जा रहा है और इसके पीछे एक गैंग काम कर रहा है। उन्होंने साफ कहा कि पाकिस्तान में सिख सुरक्षित नहीं हैं और सरकार इसे रोकने के लिए कुछ नहीं कर रही है।

इमरान सरकार पर बरसते हुए मस्तान सिंह ने कहा कि पाक में सिखों की टारगेट किलिंग हो रही है। पहले यहां लोगों को मार रहे थे, गोली मारकर भाग जाते थे और बाद में एफआईआर दर्ज कर परिवार को खामोश कर दिया जाता था। जिन लड़कियों की उम्र 12, 13, 14 साल है, उनका ये पीछा करते हैं। इस तरह के जुल्म के अलावा पाक में कुछ नहीं है।

### अमेजन के जंगलों की आग ने रोका फुटबॉल मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** साओ पाउलो। अमेजन के जंगल में लगी दुनिया की सबसे बड़ी आग की चपेट में अब रोजमर्रा की जिंदगी भी आने लगी है। ब्राजील के अमेजन के जंगल की इस आग के चलते फुटबॉल मैच तक को रोकना पड़ा। ब्राजील में एक स्थानीय फुटबॉल मैच के दौरान आग का इस कदर धुआं उठा कि खेल को 7 मिनटों तक के लिए रोकना पड़ा। तस्वीरों में भी देखा जा सकता है कि किस तरह से धुएं से मैदान भर गया। देखने में समस्या और दम घुटने की शिकायतों के चलते मैच को ही रोकना पड़ गया। उत्तरी ब्राजील के रियो ब्रांको स्टेडियम में मैच के दौरान यह हालात पैदा हुए। यह थर्ड डिविजन मैच ऐटलेटिको एक्रीनियो और लुवरडेंसे टीमों के बीच खेला जा रहा था। महज 6 मिनट का ही खेल हुआ था कि मैदान धुएं से भर गया। प्लेयर्स को देखने और सांस लेने तक में दिक्कत होने लगी। बता दें कि दुनिया का फेफड़ा कहे जाने वाले ब्राजील में स्थित अमेजन के जंगलों में कई दिनों से भीषण आग लगी हुई है।